हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 18 फरवरी 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 जेल रोड पर नाला निर्माण के लिए लोगों ने स्वयं हटाए...



07 जनगणना का कार्य पूरी पारदर्शिता व निर्देशों का...



## खबर संक्षेप

### अनुपम मेगा सिटी में भागवत कथा आज से

**विदिशा।** अनुपम मेगा सिटी के अनुपमेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में आज से श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ का शुभारंभ होगा। कथा व्यास अंकितकृष्ण बटुक जी महाराज श्रद्धालुओं को प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से कथा श्रवण कराएंगे। सुबह 11 बजे चिंतामणि गणेश मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से कलश यात्रा व कथा में सहभागी होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है। आयोजन अनुपम मेगा सिटी निवासी एवं महिला मंडल द्वारा किया जा रहा है।

### हेरिटेज वॉक मैराथन के लिए सौंपी जिम्मेदारियां

**विदिशा।** 21 फरवरी की सुबह 5 बजे टैगोर ऑडिटोरियम से हेरिटेज वॉक मैराथन शुरू होकर स्वामी विवेकानंद चौराह तक जाएगी और वापस लौटेगी। आयोजन के सफल संचालन हेतु जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया ने पुलिस, स्वास्थ्य, नगर पालिका, लोक निर्माण, शिक्षा, खेल और जनसम्पर्क विभागों को अलग-अलग दायित्व सौंपे हैं।

### पावर लिफ्टिंग में पूजा ने जीता गोल्ड, नेशनल के लिए हुआ चयन

**विदिशा।** सीहोर में 13–14 फरवरी को आयोजित राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जिला संयोजक पूजा श्रीवास्तव ने 76 से 84 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन आगामी माह कर्नाटक में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस सफलता में सरोज तिवारी के मार्गदर्शन तथा प्रशिक्षक अमन लोधी और इलू चौधरी के प्रशिक्षण का योगदान रहा।

### 779 श्रद्धालुओं की यात्रा के लिए तैयारियां पूरी

**विदिशा।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत जिले से 779 तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए प्रशासन ने व्यापक व्यवस्थाएं की हैं। यात्रियों को रेलवे स्टेशन पर एकत्रित करने, रेल टिकट वितरण तथा मार्गदर्शन के लिए अलग से काउंटर बनाए गए हैं। काउंटरों पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक सहित कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्लेस कार्ड व्यवस्था से यात्रियों को सुविधा मिलेगी तथा अधिकारियों को समय पर उपस्थित रहकर जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए हैं।

### रमजान शुरू, मस्जिदों में तरावीह की रौनक

**विदिशा।** रहमतों और बरकतों का पवित्र महीना रमजान मंगलवार को चांद दिखने के साथ शुरू हो गया। सभी मस्जिदों में विशेष नमाज तरावीह अदा की गई। मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला अध्यक्ष मुआज़ मेहमूद कामिल ने बताया कि रमजान में नेकी का सवाब कई गुना बढ़ जाता है। दुआ का विशेष महत्व होता है।

## 75 केंद्रों पर 10वीं के17 हजार 399 छात्रों ने हल किया अंग्रेजी का पर्चा

### नकल रोकने के लिए मोबाइल फोन, डिजिटल वॉच और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध रहा, निरीक्षण दल लगातार केंद्रों का दौरा करते रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल परीक्षा में मंगलवार को पहले सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक 10वीं के छात्रों ने अंग्रेजी विषय का पर्चा हल किया। परीक्षा केंद्रों पर छात्रों को सुबह 8:40 बजे तक प्रवेश दिया गया, जिसके बाद गेट बंद कर दिए गए।

जिले के कुल 75 परीक्षा केंद्रों पर 17 हजार 764 परीक्षार्थियों में से 17 हजार 399 विद्यार्थी उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी एसपी सिंह जाटव ने बताया कि तीन केंद्रों को संवेदनशील और 8 को अति संवेदनशील घोषित किया गया है।

सुरक्षा के मद्देनजर प्रत्येक केंद्र पर चार-चार गार्ड तैनात किए गए हैं। जबकि 29 केंद्रों पर जैमर लगाए गए हैं। नकल रोकने के लिए मोबाइल फोन, डिजिटल वॉच और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध रहा। जिला स्तरीय निरीक्षण दल लगातार केंद्रों का दौरा करते रहे। पीएमश्री महारानी लक्ष्मीबाई गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा केंद्र के शिक्षकों ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग की गाइडलाइन के अनुसार शांत और सुरक्षित वातावरण में परीक्षा संपन्न कराई गई। इसका उद्देश्य छात्रों को बेहतर प्रदर्शन के लिए अनुकूल माहौल प्रदान करना है।



### छात्र बोले: अंग्रेजी का पेपर सरल आया था

पहले दिन 10वीं कक्षा का अंग्रेजी विषय का पेपर हुआ। छात्रों ने इसे आसान बताया। एक छात्रा ने कहा कि 75 अंकों का पेपर देखकर शुरुआत में घबराहट हुई थी, लेकिन प्रश्नपत्र देखने के बाद आत्मविश्वास बढ़ गया। एक अन्य छात्र ने बताया कि अच्छी तैयारी के बावजूद चिंता थी, लेकिन पेपर सरल होने से राहत मिली। छात्र भविष्य किरार ने उम्मीद जताई कि उन्हें 75 में से 75 अंक मिलेंगे। छात्रा अर्चना पुरोहित ने बताया कि पेपर पूरी तरह सिलेबस पर आधारित था, केवल ग्रामर के कुछ प्रश्न अलग थे, जो आसान थे। दिव्या साहू ने कहा कि परीक्षा से पहले काफी तनाव था, लेकिन पेपर सरल आने से उन्हें राहत मिली।



### नशे में धुत होकर बैठक में पहुंचा सुपरवाइजर

**लटेरी।** लटेरी के मूडरा सागर में सांची दुग्ध समिति की बैठक के दौरान दुग्ध संघ के सुपरवाइजर शराब के नशे में झूमते नजर आए। जिस पर वहां मौजूद लोगों ने आपत्ति लेते हुए अधिकारियों के सामने ही सुपरवाइजर को लताड़ा। आमतौर पर ऐसी घटनाओं के बाद संबंधित कर्मचारी को निलंबित कर दिया जाता है और विभागीय जांच होती है। नशे की हालत में बैठक में मौजूद होना काम के प्रति घोर लापरवाही को दर्शाता है। यह और भी चौंकाने वाला है कि बड़े अधिकारियों के सामने कोई कर्मचारी ऐसी हिम्मत कैसे कर सकता है। इससे स्थानीय प्रशासन के डर या अनुशासन की कमी का भी पता चलता है।

### कलेक्टर के नवाचारों से बदली जनसुनवाई की परंपरा, आमजन को मिली राहत

## कलेक्टर पहुंचे लटेरी, जनसुनवाई कर 249 आवेदनों में से 146 का तुरंत निराकरण किया

- दूरदराज से मुख्यालय आने वालों को राहत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

प्रशासन को आमजन के और अधिक निकट लाने तथा समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और संवेदनशील समाधान सुनिश्चित करने की दिशा में जिले के कलेक्टर अंशुल गुप्ता लगातार नवाचार कर रहे हैं। इसी क्रम में इस वर्ष की पहली जिला स्तरीय जनसुनवाई विकासखंड लटेरी में आयोजित की गई, जिसने प्रशासनिक कार्यशैली को नई दिशा देने के साथ-साथ ग्रामीण नागरिकों के मन में विश्वास और संतोष का भाव भी मजबूत किया।

अब जिला मुख्यालय से दूर बसे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अब अपनी समस्याओं के समाधान के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ी। कलेक्टर स्वयं विकासखंड स्तर पर पहुंचकर नागरिकों की समस्याएं सुनते नजर आए। जिससे यह संदेश गया कि प्रशासन केवल कार्यालयों तक सीमित नहीं है, बल्कि जनता के द्वार तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है। जनसुनवाई के दौरान कुल 249 आवेदन राजस्व, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली, पानी, अतिक्रमण सहित विभिन्न विभागीय मुद्दों से संबंधित प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए त्वरित कार्रवाई की और 146 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित कराया। शेष लंबित मामलों के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में समाधान करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ आमजन की समस्याओं का निराकरण करने को कहा। कार्यक्रम में जिला व विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे, जिससे नागरिकों को प्रशासन तक सीधी पहुंच का प्रभावी अवसर मिला।



**विदिशा।** लटेरी में आयोजित जनसुनवाई के दौरान आवेदकों की समस्याएं सुनते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता।

### मौके पर ही समस्याओं का निराकरण

जनसुनवाई के दौरान कई हितग्राहियों की समस्याओं का तत्काल समाधान किया गया। जरूरतमंद दिव्यांग को व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई। आधार कार्ड से वंचित नागरिकों का पंजीयन कराया गया। किसानों की फार्मर आईडी तैयार कराई गई। पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। पहली बार अपने ही क्षेत्र में समस्याओं का समाधान मिलने से ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी और संतोष स्पष्ट दिखाई दिया। कई बुजुर्गों ने बताया कि पहले जिला मुख्यालय तक जाना उनके लिए कठिन था, लेकिन अब प्रशासन स्वयं गांव तक पहुंच रहा है।

## सीएम मजरा-टोला सड़क योजना के अंतर्गत 254 सड़कों को मिलेगा अनुमोदन

### जिला पंचायत की बैठक में प्रस्तावों पर लगेगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिला पंचायत में आज होने वाली सामान्य सभा की बैठक में मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना अंतर्गत जिले की कुल 254 सड़कों के अनुमोदन पर निर्णय लिया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने बताया कि योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के मजरा-टोला को मुख्य मार्गों से जोड़कर आवागमन सुविधा बढ़ाना तथा समग्र विकास को गति देना है।



विकासखंडवार प्रस्तावित सड़कों में बासौदा में 30, ग्यारसपुर में 27, कुरवाई में 25, लटेरी में 53, नटेरन में 32, सिरोंज में 53 तथा विदिशा विकासखंड में 21 सड़कें शामिल हैं। इस प्रकार कुल संख्या 254 है। सबसे अधिक सड़कें सिरोंज और लटेरी विकासखंड में प्रस्तावित हैं, जबकि सबसे कम सड़कें विदिशा विकासखण्ड में होंगी।

जिपं अध्यक्ष श्रीमती रघुवंशी ने कहा कि अनुमोदन के बाद निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के लिए कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीण नागरिकों को सुगम आवागमन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच तथा स्थानीय बाजारों से जुड़ाव में महत्वपूर्ण सुविधा मिलेगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

### ढेकीनाथ पहाड़ी क्षेत्र में तेंदुए की आमद

**ग्यारसपुर।** ढेकीनाथ पहाड़ी धुरेरा रोड क्षेत्र में इन दिनों तेंदुए की गतिविधियों से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण जितेंद्र अहिरवार ने बताया कि बीते कुछ दिनों से तेंदुआ जंगल से निकलकर बस्ती की ओर आ रहा है और उनके मवेशियों पर हमला करने का प्रयास कर चुका है। कई बार तेंदुए को घर के आसपास घूमते हुए देखा गया है। इससे परिवार सहित पूरे मोहल्ले में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि ढेकीनाथ पहाड़ी क्षेत्र जंगल से सटा हुआ है, जिससे वन्य जीवों की आवाजाही बनी रहती है। लेकिन हाल के दिनों में तेंदुए की बढ़ती गतिविधियों ने चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों ने वन विभाग ने तेंदुए का रेस्क्यू करने की मांग की है।

## हाईवे निर्माण का 24 करोड़ का भुगतान अटका ठेकेदारों ने प्रदर्शन किया, भुगतान की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विदिशा से हिनोतिया और कुरवाई के मेलुआ चौराहे तक निर्माणाधीन हाईवे सड़क के ठेकेदारों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ठेकेदारों का कहना था कि पिछले 2 साल से करीब 24 करोड़ रुपए का भुगतान नहीं मिला है।

ठेकेदारों ने बताया कि काम का ठेका लेने वाली मुख्य कंपनी को शासन स्तर से भुगतान मिल चुका है। हालांकि, जमीनी स्तर पर काम करने वाले सात ठेकेदारों सहित उनके कर्मचारियों और मजदूरों को अब तक राशि नहीं दी गई है। भुगतान अटकने से ठेकेदारों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। मजदूरों को समय पर मजदूरी नहीं मिल पा रही है, जिससे उनके सामने रोजमर्रा के खर्च चलाने की समस्या खड़ी हो गई है। ठेकेदारों ने प्रशासन से मामले की जांच कर कंपनी को तत्काल बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश देने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे काम बंद करने और आंदोलन करने को मजबूर होंगे। अधिकारियों ने ठेकेदारों को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। निर्माणाधीन हाईवे सड़क में काम कर रहे सात ठेकेदारों ने हैदराबाद की एसपीआरएल कंपनी पर भुगतान नहीं करने का आरोप लगाया है।



## करंट से मौत के मामले में कार्रवाई न होने से नाराज परिजनों ने लटेरी-सिरोंज मार्ग पर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

लटेरी तहसील के धरनावदा गांव में करंट लगने से प्रहलाद सिंह की मौत के मामले में सोमवार को परिजनों और ग्रामीणों ने लटेरी-सिरोंज मार्ग पर चक्काजाम कर दिया।

सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बिछाए गए बिजली के तारों की चपेट में आने से 13 फरवरी को प्रहलाद की मौत हुई थी। प्रशासन द्वारा एक सप्ताह में अतिक्रमण हटाने और दोषियों पर कार्रवाई के आश्वासन दिया था। परिजनों ने बताया कि गांव के कुछ लोगों ने शासकीय भूमि पर कब्जा कर रखा है। वहां खेतों तक अवैध रूप से खुले बिजली के तार बिछाए गए हैं, जिनकी चपेट में आने से प्रहलाद सिंह की मौत हुई। घटना वाले दिन ही रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। जिससे नाराज परिजन और ग्रामीणों ने लटेरी-सिरोंज मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। यातायात बाधित रहा और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।



### सरकारी जमीन पर खेती व अवैध कनेक्शन

गांव में करीब 56 बीघा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर अवैध बिजली कनेक्शन के जरिए खेती की जा रही है। चक्काजाम की सूचना मिलते ही प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमित भूमि को खाली करा लिया जाएगा। वहीं एसडीओपी ने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही। इन आश्वासनों के बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया।

## पीड़ित परिवार को धमकी, रघुवंशी समाज के हस्तक्षेप के बाद दर्ज हुई एफआईआर

### समाजजनों ने की परिवार की सुरक्षा और सख्त कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

काछी मोहल्ला गली नंबर 2 में 15 फरवरी की रात लगभग 10 बजे एक परिवार को खुलेआम गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। घटना के समय घर में हाल ही में बायपास सर्जरी से लौटे परिजन, महिलाएं और अन्य सदस्य मौजूद थे।

आरोपी पहले घर के बाहर अश्लील भाषा में धमकियां देता रहा और डायल 112 पर सूचना देने के बावजूद पुलिस पहुंचने से पहले घर में घुस गया। जिससे परिवार में भय का माहौल बन गया। घटना के बाद पीड़ित महिला, वार्ड पार्षद और अन्य महिलाओं ने कोतवाली थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराने का निवेदन किया, लेकिन तत्काल कार्रवाई नहीं हुई। जिससे क्षेत्र में असंतोष फैल गया।

बाद में रघुवंशी समाज का प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में थाने पहुंचा और त्वरित कार्रवाई की मांग की। समाज के प्रयास के बाद मामले में एफआईआर दर्ज की गई। रघुवंशी समाज ने एसपी से आरोपी पर सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवार को पूर्ण सुरक्षा देने की मांग करते हुए कहा कि कानून का राज ही नागरिक सुरक्षा की आधारशिला है।



### निजी कंपनी पर बिना अनुमति काम करने का लगाया आरोप

## नीमताल पर गांधी प्रतिमा सर्किल में खुदाई कर लगाई जा रही एलईडी डिस्प्ले का कांग्रेसियों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नीमताल गांधीचौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा वाले सर्किल के अंदर एलईडी डिस्प्ले स्ट्रक्चर लगाने की जा रही खुदाई का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध किया।

दोपहर लगभग 12 बजे एक निजी कंपनी द्वारा पावर ब्लॉक उखाड़कर लोहे का ढांचा खड़ा करने के लिए मजदूरों से खुदाई कराई जा रही थी। सूचना मिलते ही नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू, नेता प्रतिपक्ष आशीष महेश्वरी सहित सुशील शर्मा, अरुण अवस्थी, सुनील दांगी, पर्वत गौड, रामराज दांगी, राजकुमार पांसी, अनूप अग्रवाल, संतोष चिड़ार, बाबू पाल और नीरज रघुवंशी समेत कई कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। स्थानीय निकाय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रतिमा स्थल के सामने धरने पर बैठ गए। विरोध बढ़ता देख ठेकेदार मौके से चला गया तथा मजदूरों ने काम बंद कर दिया। बाद में खुदे गड्ढे भरकर उखाड़े गए पावर ब्लॉक पुनः लगा दिए गए।

कांग्रेस नेताओं ने नपा अधिकारियों से फोन पर चर्चा की, जिस पर अधिकारियों ने इस कार्य की जानकारी होने से इनकार किया और बताया कि निजी कंपनी ने किसी प्रकार की अनुमति नहीं ली है। मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा ने आरोप लगाया कि शहर की मूलभूत समस्याओं की अनदेखी कर प्रमुख चौराहों पर होर्डिंग और एलईडी डिस्प्ले लगवाए जा रहे हैं, जिससे सौंदर्य प्रभावित होने के साथ दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ रहा है।



## खबर संक्षेप

### बिजली हो रही गुल

**गंजबासौदा।** इन दिनों नगर सहित ग्रामीण अंचल में बगैर सूचना के बार बार बिजली गुल हो रही है। जिससे लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है।

### पेंशनर एसोसिएशन का प्रथम सम्मेलन आज

**गंजबासौदा।** आल प्रगतिशील पेंशनर वैलफेयर एसोशिएशन के प्रांताध्यक्ष सुधीर दुबे ने बताया कि 18 फरवरी को 10 बजे पेन्शनर एन्जाय ग्रुप का प्रथम सम्मेलन बाकड़े हनुमान मंदिर के सामने नौलखी रोड़ पर रखा गया है। यह सम्मेलन नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा। पेन्शनर प्रतिनिधि जगदीश राजपूत, राजकुमार पाराशर, कैलाश नामदेव, जयराम अहिरवार, द्वारका चौरसिया, रमेश यादव, रवि शंकर लोहिया, रमेश विश्वकर्मा, अब्दुल वहाव सिद्धिकी आदि ने सभी पेन्शनर से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। इस अवसर पर नगर एवं पेन्शनर की समस्याओं पर भी चिन्तन होगा।

### बारिश के मिले संकेत किसानों को परेशानी

**गंजबासौदा।** नगर में गर्मी बढ़ने के बाद पिछले दो दिनों से एकाएक सर्दी वापस लौट आई है और अब 19 फरवरी को मौसम की जानकारी देने वाली वेबसाइटों ने इलाके में बारिश के संकेत दिए हैं। जिससे किसानों की परेशानी बढ़ सकती है। यहां उल्लेखनीय है कि अब इलाके में चना, मसूर, तेवडा, बटरा की फसलें कहीं पक चुकी हैं और उनकी कटाई एवं गहाई चल रही है तो कहीं ये फसलें फलन की अवस्था में हैं। वहीं गेहूं की फसल में भी अधिकांश क्षेत्रों में सिंचाई पूरी हो चुकी है और अब गेहूं की फसल पकने की स्थिति में चल रही है। किसानों का कहना है कि ऐसे में यदि बारिश होती है तो गेहूं की फसल आडी होने से काफी नुकसान होगा और उपज प्रभावित हो सकती है। वहीं चना, मसूर, तेवडा, बटरा की फसल भी भीग जाने से उनके दाने दागदार हो जाएंगे। जिससे उपज भी प्रभावित होगी और उसके दाम भी कम मिलेंगे। इस कारण यह बेमौसम बारिश किसानों के लिए परेशानी और नुकसान का कारण बन सकती है।

**तालाब में छाई हरियाली...**



### तालाब में छाई फसलों की हरियाली

**गंजबासौदा।** नगर से करीब 30 किमी दूर ग्राम फूफेर और नेवली के बीच तीन ओर पहाड़ियों से घिरे तालाब में इन दिनों हरियाली छाई हुई है। सिंचाई विभाग के इस तालाब में बरसात में भरपूर पानी संचित रहता है और फिर नहरों के माध्यम से किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाता है, जिससे जनवरी माह तक अधिकांश तालाब खाली हो जाता है और फिर सिंचाई विभाग से अनुबंध कर किसान इसमें फसलें बोते हैं। इन दिनों भी किसानों की फसलों के कारण पूरे तालाब में हरियाली छाई है और पहाड़ी से देखने पर बड़ा ही मनोहारी दृश्य नजर आता है। तालाब के आसपास की पहाड़ियों पर भी पौराणिक और पुरातत्विक महत्व के शैलचित्र और गुफाएं बनी हुई हैं।

## खाटू श्याम का पंचम फाग महोत्सव 1 मार्च को, दिखेगी वृंदावन की झलक



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

फाल्गुन की पंचमी पर नगर में श्याम भक्ति के साथ ब्रज की होली के रंग घुलेंगे। 1 मार्च, रविवार को श्री रामदेव बाबा एवं श्री खाटू श्याम जी मंदिर परिसर, एकता चौक (मील रोड) पर पंचम फाग महोत्सव के आयोजन की तैयारियां जोर-जोर से प्रारंभ हो गई हैं। होली का यह उत्सव 1 मार्च को शाम सायं 7:15 बजे से प्रभु इच्छा तक चलेगा। महोत्सव में भजन-कीर्तन, फाग गीत और गुलाल के साथ श्रद्धालु वृंदावन-मथुरा की होली जैसा भक्तिमय वातावरण भक्तों को दिखाई देगा।

मंदिर के संस्थापक और महोत्सव के आयोजक पं. वीरेन्द्र दुबे के सान्निध्य में भजन प्रवाहिका श्वेता अग्रवाल (झारखंड) एवं भजन प्रवाहक प्रकाश मिश्रा (कोलकाता) ब्रज की होली, श्याम भक्ति और फाग पर आधारित भजनों की प्रस्तुति देंगे। जिसमें भक्ति भाव से विभोर होकर श्रद्धालु स्वयं को वृंदावन-मथुरा की गलियों में होली खेलते अनुभव कर सकेंगे। आयोजकों के अनुसार महोत्सव में फाग गीतों के माध्यम से राधा-कृष्ण की लीलाओं, वृंदावन की फुलेरा दूज और मथुरा की होली के भावों को मंच पर साकार किया जाएगा। श्याम प्रभु को नीले पर विराजमान कर रंग-गुलाल अर्पित किए जाएंगे। संकीर्तन के दौरान भक्त एक-दूसरे को गुलाल लगाकर श्याम नाम का संकीर्तन करेंगे, जिससे ब्रज की होली की झलक नगर में दिखाई देगी। मंदिर परिसर को फूलों, रंगीन कपड़ों और प्रकाश से सजाया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बैठक व्यवस्था, ध्वनि-प्रकाश व्यवस्था तथा प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। समिति ने नगरवासियों से पंचम फाग महोत्सव में शामिल होने और ब्रज की होली के भावों के साथ श्याम भक्ति में रंगने की अपील की है।

### प्रशासन व नपा की समझाइश के बाद नाला निर्माण का रास्ता साफ

# जेल रोड पर नाला निर्माण के लिए लोगों ने स्वयं हटाए अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





नगर के राजेन्द्र नगर क्षेत्र में जेल रोड पर सड़क के दोनों ओर नाले के निर्माण का रास्ता अब साफ हो गया है। इस नाला निर्माण में बाधा बन रहे अतिक्रमण को मंगलवार को तहसीलदार, पुलिस, सांसद प्रतिनिधि एवं नपा अधिकारियों की समझाइश के बाद लोगों ने स्वयं ही हटाना शुरू कर दिया। जिसके बाद निर्माण एजेंसी ने भी तुरंत नाले के लिए खुदाई शुरू कर दी है। यहां नाला निर्माण होने से हर बरसात में आने वाली जलभराव की समस्या से रहवासियों को राहत मिल जाएगी।

उल्लेखनीय है कि जेल रोड पर रामदेव बाबा मंदिर से लेकर शासकीय वेयर हाउस तक सडक के दोनों ओर घर बने हुए हैं। पूर्व में सडक किनारे नपा ने अस्थाई नाला खुदवाया था, जिससे बरसाती पानी एवं घरों से निकले गंदे पानी की निकासी होती रहे, लेकिन रहवासियों ने इस अस्थाई नाले को पूरकर सडक तक अतिक्रमण कर लिया था। जिससे हर बरसात में यहां जलभराव की समस्या उत्पन्न होती थी और ऐसे में नपा प्रशासन को जेसीबी से जलनिकासी की व्यवस्था करानी पडती थी। अब इस मार्ग का एमपीआरडीसी द्वारा निर्माण कर दिए जाने के बाद से मार्ग ऊंचा हो गया और घर नीचे रह गए। इस कारण बरसात में अब जलभराव की समस्या भी विकराल हो गई थी। इसी समस्या के समाधान के लिए नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने विधायक हरिसिंह रघुवंशी के सहयोग से एमपीआरडीसी द्वारा नाला निर्माण कराने की स्वीकृति कराई। जिसके बाद एमपीआरडीसी द्वारा अब सडक के दोनों ओर करीब 300-300 मीटर का यू शेप नाला निर्माण कराया जा रहा है। इस निर्माण के लिए चूने की लाइन डालकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई मंगलवार को की गई। इस दौरान तहसीलदार अरविंद यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे, नपा इंजीनियर नरेन्द्र सिंह चौहान, मोहिनी कोरी और नपा अमले ने रहवासियों को समझाइश दी। जिसके बाद अधिकांश रहवासियों ने अपने अतिक्रमण स्वयं हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। जिससे अब नाला निर्माण निर्बाध और शीघ्र पूरा हो सकेगा।

इस संबंध में नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव का कहना था कि तहसीलदार, पुलिस और नपा प्रशासन की समझाइश से रहवासी भी अतिक्रमण हटाने सहमत हो गए हैं। अब रहवासियों को बरसात में समस्या नहीं होगी।

### त्योंदा रोड पर सड़क चौड़ीकरण आरंभ



**गंजबासौदा।** मिनी स्मार्ट सिटी योजना के तहत अब जयस्तंभ चौक से त्योंदा रोड की ओर सड़क के दोनों ओर चौड़ाई बढ़ाई जा रही है। इसी को लेकर बीती रात नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव एवं नपा अमले की मौजूदगी में जयस्तंभ चौक पर यातायात पुलिस चौकी के पास से पुराने बस स्टैंड तक सडक के एक ओर खुदाई कार्य शुरू किया गया। जिससे त्योंदा रोड पर सड़क चौड़ीकरण के बाद यहां से भी आवागमन सुविधाजनक हो जाएगा।

## हनुमान चालीसा पाठ का 116वां चरण संपन्न



**गंजबासौदा।** हिंदू चेतना सेवा समिति मंडल गंजबासौदा द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान एवं युवाओं को धर्म और आध्यात्म से जोड़ने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत हनुमान चालीसा पाठ का 116वां चरण शनिवार को त्योंदा रोड स्थित श्री राम नाम बैंक में भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हिंदू वीरों एवं श्री राम नाम बैंक के सदस्यों की उपस्थिति रही। सामूहिक रूप से सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिरस में सराबोर हो गया। पाठ के उपरांत विधिवत आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री राम नाम बैंक के संस्थापक रघुनाथ सिंह रघुवंशी ने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान व्यस्त जीवनशैली में भी युवाओं का धर्म और आध्यात्म के प्रति इस प्रकार समर्पित होना अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने समिति के कार्यों को समाज में सकारात्मक चेतना जागृत करने वाला बताया। कार्यक्रम के अंत में श्री राम नाम बैंक के अध्यक्ष गिरिराज रघुवंशी ने समिति सदस्यों का आभार व्यक्त किया। समिति अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान सभी सदस्यों के सहयोग एवं एकता से निरंतर आगे बढ़ रहा है और आगामी समय में भी विभिन्न स्थानों पर हनुमान चालीसा पाठ आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में मोहित तिवारी, लखन गुर्जर, लोकेश साहू, राजू सिंह दांगी, अर्णव रघुवंशी, मनोज चौबे, नरेंद्र राय, रवि रघुवंशी, विशाल सेन, महेंद्र पाल, लव गुर्जर, काशी साहू, निशिकांत माथुर, देवांश माथुर, सीताराम कुशवाह, रोहित नाथ, खिलान सिंह रघुवंशी, रामकृष्ण रघुवंशी एवं नीलू चौबे सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## जमीन विवाद में हत्या के चार आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा




मंगलवार को द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायालय के न्यायाधीश हरप्रसाद वंशकार ने करीब डेढ़ वर्ष पूर्व जमीन विवाद पर हुई हत्या के एक मामले में चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले शासकीय अभिभाषक डॉ अखिलेश लाहौरी ने बताया कि ग्राम जोगी किर्रोदा निवासी फरियादी कुलदीप दांगी ने दिनांक 18.08.2024 को इस आशय की देहाती नालसी लेख करायी थी कि दिनांक 17.08.2024 के रात लगभग 11 बजे वह अपने घर के सामने टटा के पास बैठकर मवेशी रखा रहा था, तभी उसका बड़ा भाई भूपेन्द्र दांगी आया और उससे बोला कि तुम अब सो जाओ वह ढोर रखाएगा तो वह अपने घर आकर सो गया था। रात लगभग 11:45 बजे उसके भाई भूपेन्द्र के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी तो वह उठा और अपनी टॉर्च लेकर घर के बाहर आया और टॉर्च के उजाले में देखा कि राजीव जैन के खेत के पास रोड पर उसके भाई भूपेन्द्र के साथ बलराम दांगी, राघवेन्द्र दांगी, घनश्याम दांगी तथा छोटू दांगी मारपीट कर रहे थे। उसे आता देखकर यह चारों लोग दो मोटरसाईकिल पर बैठकर भाग गए। वह अपने भाई भूपेन्द्र को घर लेकर आया, उसकी मां प्रभाबाई और उसने भूपेन्द्र से पूछा कि किस बात पर से मारा है तो भूपेन्द्र बोला कि ढोर (मवेशी) भगाने की बात एवं जमीन बंटवारे के विवाद पर से मारपीट की। कुलदीप ने 108 तथा 100 नम्बर को सूचना दी और मदद आने पर वह भूपेन्द्र को लेकर नटेरन अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टर ने भूपेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। फरियादी की रिपोर्ट पर नटेरन पुलिस ने धारा 103, 296 एवं 3(5) बी.एन.एस. का प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान प्रारंभ कर आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया। तत्पश्चात अभियोग-पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में अभियोजन साक्ष्य के पश्चात दोनों पक्षों के अंतिम तर्क हुये, जिसमें अपर लोक अभियोजक डॉ. अखिलेश लाहौरी के तर्कों और साक्ष्य से सहमत होते हुए द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरप्रसाद बंशकार द्वारा आरोपीगण बलराम दांगी आयु 41 वर्ष, घनश्याम दांगी आयु 37 वर्ष, रविन्द्र दांगी आयु 29 वर्ष, राघवेन्द्र दांगी आयु 28 वर्ष, निवासीगण ग्राम जोगी किरोदा को आजीवन कारावास की सजा एवं पांच पांच हजार रूपये के अर्थदण्ड से तथा अर्थदण्ड जमा न करने पर 1 वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास से दण्डित करने की सजा सुनाई।

### शांतिनाथ जिनालय के स्थापना दिवस पर विमान जी चल समारोह आयोजित

## मुनिसंघ के सानिध्य में पंचकल्याणक के पात्रों का चयन





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

त्योंदा रोड स्थित श्री शांतिनाथ जैन मंदिर के 18वें स्थापना दिवस के अवसर पर नगर के प्रमुख मार्गों से विमान जी चल समारोह का आयोजन किया गया। चल समारोह त्योंदा रोड स्थित शांतिनगर से प्रारंभ हुआ जो कि त्योंदा रोड, महावीर मार्ग, होते हुए पुरानी गल्ला मंडी स्थित पंच कल्याणक स्थल अयोध्या नगरी पहुंचा। विमान जी चल समारोह में दिव्य घोष के साथ महिला मंडल एवं बालिका मंडल अपनी धार्मिक प्रस्तुतियां देते हुईं नजर आईं। चांदी की पालकी में विराजमान भगवान शांतिनाथ स्वामी, चल समारोह की शोभा बढ़ा रहे थे। सभी श्रद्धालुओं ने अपने घरों के बाहर रंगोली बनाकर दीपक सजाए और चल समारोह में शोभायमान जिनबिम्ब की मंगल आरती की। वहीं कार्यक्रम स्थल अयोध्या नगरी में चल समारोह का समापन हुआ।

आगामी 24 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित होने वाले पंच कल्याणक एवं गजरथ महा महोत्सव के लिए पात्रों का चयन मंचासीन आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावी शिष्य एवं नवाचार्य समय सागर जी महाराज के अज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि विमल सागर महाराज एवं मुनि अनंत सागर जी महाराज के सान्निध्य में किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन ब्रह्मचारी धीरज भैया राहतगढ़ द्वारा किया गया। नगर में अभी तक का पांचवां पंचकल्याण महोत्सव 24 फरवरी से प्रारंभ होगा। प्रथम पंच कल्याणक एवं गजरथ महा महोत्सव वर्ष 1985 में कालाबाग क्षेत्र में संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के सानिध्य में हुआ था। फिर दूसरा पंच कल्याणक महोत्सव वर्ष 2008 में आयोजित किया गया जिसमें भी परम सानिध्य आचार्य श्री का प्राप्त हुआ था। तीसरा पंच कल्याणक महोत्सव वर्ष 2018 में आयोजित हुआ। चौथा पंच कल्याणक महोत्सव वर्ष 2024 में आचार्य श्री विद्यासागर गौशाला में आयोजित किया एवं पांचवां पंचकल्याण महोत्सव 24 फरवरी से 2 मार्च तक पुरानी गल्ला मंडी प्रांगण में आयोजित होने जा रहा है।

### डेढ़ घंटे तक लगा रहा जाम, परेशान हुए लोग



**गंजबासौदा।** मंगलवार को पाराशरी पुल के पास डेढ़ घंटे तक जाम लगा रहा। इसके कारण वाहन चालकों एवं अन्य नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यहां उल्लेखनीय है कि इन दिनों शादी विवाह चल रहे हैं और अधिकांश दूल्हा दुल्हन माता पूजन के लिए शीतला माता मंदिर पहुंचते हैं। ऐसे में उनके साथ आए वाहन मंदिर के सामने सडक किनारे ही खडे कर दिए जाते हैं। जिससे सडक संकरी हो जाती है। रही सही कसर ई रिक्शा पूरी कर देते हैं। ये रिक्शा चालक कहीं भी कभी भी रिक्शा खडा कर लेते हैं। जिससे अन्य वाहनों को निकलने में परेशानी होती है और जाम लग जाता है। मंगलवार को भी इसी कारण जाम लग गया था और लोगों को काफी परेशानी हुई।

## विकसित भारत व अमन चैन के लिए दुआ मांगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा




मंगलवार शाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्रीय कार्य कारिणी सदस्य वरिष्ठ प्रचारक व मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के अखिल भारतीय मार्गदर्शक डॉ. इंद्रेश कुमार के जन्मदिन पर उनके लिए व विकसित भारत के नवनिर्माण, वतन में अमन चैन शांति के लिए खास अंदाज में दुआ मांगी गई। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने शहंशाह ए मालवा हजरत पीर फतह उल्लाह शाह चिश्ती (रह.) की विश्व प्रसिद्ध दरगाह रायसेन शरीफ में चादर पेश कर उनकी लंबी उम्र की दुआ की। इस मौके पर कादरी ने कहा कि डॉ. इंद्रेश कुमार देश में राष्ट्रीय एकता सौहार्द और राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने वाली शख्सियत हैं। उन्होंने हमेशा हिंदू मुस्लिम एकता पर जोर दिया है और भारत को मजबूत करने के लिए कार्य किए हैं।

रायसेन शरीफ में दरगाह पर आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि डॉ. इंद्रेश कुमार वह शख्स हैं, जिन्होंने भारत में राष्ट्र प्रथम की सोच को आगे बढ़ाया। उन्होंने मुस्लिम समाज को राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाने के लिए प्रेरित कर एक नई राह पर कायम किया। आइए हम सभी उनके सुदीर्घ जीवन व हमारे प्यारे वतन हिंदुस्तान में अमन चैन शांति होकर विकसित राष्ट्र बने इसके लिए दुआ करे। उन्होंने कहा कि जो लोग आरएसएस को मुस्लिम विरोधी कहते हैं, वे सच्चाई से कोसों दूर हैं। डॉ. इंद्रेश कुमार ने हमेशा मुसलमानों को शिक्षा, रोजगार और देशभक्ति के मार्ग पर आगे बढ़ने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उसी सोच को आगे बढ़ा रहा है और समाज में भाईचारे की मिसाल पेश कर रहा है। दरगाह में दुआ के बाद राशिद खान ने कहा कि मुस्लिम समाज को कट्टरता से बचना चाहिए और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना चाहिए। उन्होंने सभी से हिंदू-मुस्लिम एकता को मजबूत करने की अपील की। कार्यक्रम में दरगाह पर खिदमत गार साहब ने साफा पहनाकर फूल पेशकर सैयद शफाकत हुसैन कादरी का इस्तकबाल किया। इसी तरह इन्द्रेश कुमार के जन्मदिन के अवसर पर गरीबो यतीमो को खाना खिलाया गया व मदरसा इस्लामिया मे कापी किताबे व कलम का वितरण किया।

स्वगणना पोर्टल के माध्यम से नागरिक जानकारी अपडेट कर सकेंगे

# जनगणना का कार्य पूरी पारदर्शिता व निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जनगणना का सभी कार्य पूरी पारदर्शिता एवं निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए करें एवं स्व गणना पोर्टल के माध्यम से नागरिक अब अपनी जानकारी अपडेट कर सकेंगे। साथ ही डेटा कलेक्शन पूरे विश्वास के साथ करें। उक्त जानकारी कलेक्टर श्री संदीप जी. आर. ने जनगणना–2027 जिला स्तरीय अधिकारियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण में दी। कलेक्टर संदीप जी. आर. ने बताया कि जनगणना 2027 का कार्य तीन चरणों में होना है, जिसमें सर्वप्रथम 1 मई से मकानों की गणना की जाएगी। इसी प्रकार आगे के दो चरण होंगे। उन्होंने कहा कि प्रगणकों को नियुक्त किया जाएगा, उनका प्रशिक्षण विस्तार से दिया जाए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश रावत, समस्त एसडीएम, तहसीलदार, चार्ज अधिकारी पी. एल. प्रजापति, मास्टर ट्रेनर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

राज्यस्तरीय मास्टर ट्रेनर शिवांशु कुमार एवं पवन कुमार ने बताया कि अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, चार्ज जनगणना अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। घर-घर डेटा संग्रहण के लिए अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। मोबाइल एप के माध्यम से होगा डिजिटल सर्वे। अधिकारियों ने कार्यप्रणाली, प्रगणक और पर्यवेक्षक के दायित्वों की जानकारी दी। कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में जनगणना 2027 की आवश्यक जानकारी देते हुए राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री शिवांशु कुमार एवं श्री पवन कुमार ने बताया कि जिला एवं चार्ज स्तर के अधिकारियों हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को भारत की जनगणना के संबंध में संक्षिप्त परिचय एवं नीति निर्माण सहित जनगणना 2027 के मुख्य बिंदुओं एवं प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कर्ता अधिकारियों द्वारा सभा कक्ष में उपस्थित जिले के समस्त अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, चार्ज जनगणना अधिकारी (तहसीलदार), जिला सूचना अधिकारी को प्रक्रिया में आंकड़ों की सटीकता के महत्व आदि की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान जनगणना 2027 के दौरान डेटा संग्रह और उसकी जांच की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। बताया गया कि आंकड़ा संग्रहण करने के लिए प्रगणक द्वारा घर-घर जाकर स्वयं के मोबाइल फोन में एप के माध्यम से जानकारी एकत्रित करना तथा स्वगणना (एसई) पोर्टल के माध्यम से जानकारी का एकत्रीकरण किए जाने के संबंध में भी अवगत कराया गया। स्वगणना पोर्टल के माध्यम से नागरिक जानकारी अपडेट कर सकेंगे, जिसे बाद में प्रगणक द्वारा सत्यापित कर सबमिट किया जाएगा।

सभी विभागों के अधिकारी किसानों को दे रहे योजनाओं की जानकारी

# सिरोंज के ग्राम-ग्राम पहुंच रहा कृषि रथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

मध्य प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रह है। इसके उपलक्ष्य में विकासखण्ड सिरोंज में विभिन्न ग्रामों में कृषि रथ चलाकर कृषकों को कृषि विभाग,उद्यानकी विभाग,पशुपालन विभाग,कृषि वैज्ञानिक सहकारिता विभाग,कृषि उपज मंडी के अधिकारी अपने विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं।

कृषि रथ कार्यक्रम में सोमवार को कृषि रथ ग्राम घुडियाखेड़ी,ग्राम रुपदाखेड़ी ओर ग्राम नरखेड़ा जागीर में पंहुचा। जिसमे कृषि विभाग से उपसंचालक कृषि के.एस.खपेड़यि, सहायक संचालक कृषि महेंद्र ठाकुर,एसएडीओ अनुज धाकड़,कृषि विस्तार अधिकारी अविनाश रघुवंशी,कृषि वैज्ञानिक डॉ आशीष श्रीवास्तव,उधानिकी विभाग से शिवम्



अहिरवार उपस्थित रहें। इस मौके पर सभी अधिकारिओं ने विभागों द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी कृषको तक पहुचाई। वही डॉ.आशीष श्रीवास्तव द्वारा कृषकों को तकनीकी खेती खेती के बारे में बताया तथा जैविक खेती किस प्रकार स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है इसके बारे में जानकारी दी। साथ ही तकनीकी कृषि यंत्रो के माध्यम से नरवाई प्रबंधन करने एवं नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में कृषकों को अवगत कराया।

## ग्राम रजाखेडी, तिंदुआ, प्यासी में कृषि रथ पहुचा

मंगलवार को ग्राम रजाखेडी, तिंदुआ, प्यासी में कृषि रथ पहुचा। इस मौके पर उपसंचालक कृषि के.एस. खपेड़िया विदिशा,सिरोंज एसएडीओ अनुज कुमार धाकड़, बीटीएम अरविंद दांगी, कृषि विस्तार अधिकारी अविनाश रघुवंशी,विनोद मंडलोई,अमृत कुमार पिपल्दे,संतोष कुमार अहिरवार,पशुपालन विभाग से एवीएफओ रोहित राठौर, सहकारिता विभाग आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर बीटीएम अरविंद दांगी द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी, साथ समस्त विभाग के अधिकारियों ने अपने अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी दी तथा नरवाई प्रबंधन के बारे में अवगत कराया।

# हज पर जाने वाले 125 हज यात्रियों का हुआ वैक्सीनेशन





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

म.प्र राज्य हज कमेटी के निर्देषानुसार 2026 में हज पर जाने वाले हज यात्रीयों का जिला स्तरीय वैक्सीनेषन कैंप जिला हज कमेटी अध्यक्ष सैयद नदीम अली के निर्देषन में मंगलवार को सिरोंज के बुनियाद गार्डन में आयोजित किया गया। जहां सुबह से स्वास्थ विभाग का अमला मौजूद था।

इस दौरान जिले से हज पर जाने वाले 125 हज यात्रीयों का वैक्सीन लगवाएं। इस अवसर पर जानकारी देते हुए जिला हज कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ.रजी खान ने बताया कि विदिषा जिले के 127 हज यात्रीयों को वैक्सीन लगाने के निर्देष प्राप्त हुए थे। जिसमें हज पर जाने वाले दो व्यक्तियों में 71 वर्षीय समी उल्ला निवासी किड़ी मोहल्ला सिरोंज एवं 68 वर्षीय नन्ने खां निवासी पीरजादपुरा सिरोंज का निधन होने के बाद 125 हज यात्रीयों का वैक्सीनेषन होना था। जिसमें शत प्रतिषत वैक्सीनेषन पूर्ण हुआ। सिरोंज के साथ ही कुरवाई, विदिषा, लटेरी, बासौदा आदि जगह के हज यात्रीयों ने मंगलवार को वैक्सीनेषन कराया।

## सबसे कम उम्र की इरम जाएंगी हज पर

जिला हज कमेटी उपाध्यक्ष डॉ.रजी खान ने बताया कि 2026 में हज पर जाने वालों में सर्वाधिक उम्र के ग्यारसपुर निवासी 83 वर्षीय अफजल खान शामिल है। तो वही सबसे कम उम्र की ग्राम भिडवासन विदिषा निवासी 18 वर्षीय इरम बेगम है। इसके साथ ही जिले से सर्वाधिक हज पर जाने वाले सिरोंज से है। सुबह 9:30 पर ही स्वास्थ विभाग का अमला वैक्सीन लेकर बुनियाद गार्डन पहुंच गया था। जिसमें विदिषा और सिरोंज की टीम शामिल थी। इस दौरान डॉ.शुजा उल्ला बैग व डॉ.साजिदा कुरैषी सहित पूरा अमला वैक्सीनेषन के अंत तक उपस्थित रहा। जिसकी जिला हज कमेटी अध्यक्ष सयैद नदीम अली व हज पर जाने वाले हज यात्रीयों ने भी प्रषंसा की। इसके साथ ही कैम्प में बाहर से आने वाले लोगो के लिए फोटो कापी व फोटो निकालवाने के साथ ही अन्य सुविधाए भी उपलब्ध कराई गई थी। इस दौरान मास्टर हबीब अंसारी,हज कमेटी के विदिषा जिले के ट्रेनर डॉ हकीम फारूख बैग,एडवोकेट शोएब खान,एडवोकेट अब्दुल वाहब खान,हज कमेटी के जिला अध्यक्ष सैयद नदीम अली,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष समीर किरमानी,वरिष्ठ समाजसेवी मिर्जा हबीब बैग सहित कई समाज सेवी उपस्थित रहें।

विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने विद्यार्थियों से किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के सेंट जोसेफ हाई सेकेंडरी स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिरोंज विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश आदरणीय विजय कुमार पाण्डेय मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए विधिक अधिकारों, कर्तव्यों एवं न्याय प्रणाली की जानकारी दी तथा उन्हें कानून के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। वही पी.एल.वी. अहद पठान ने समिति की कार्यप्रणाली एवं विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समीर कुरैशी ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया। कार्यक्रम में पी.एल.वी. अहद पठान, समीर कुरैशी, नायब नाजिर अमित चौबे एवं विद्यालय के प्राचार्य सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लेकर विधिक जानकारी प्राप्त की।

प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग

## अधिवक्ताओं पर हो रहे हमलों को लेकर संघ ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



अधिवक्ताओं पर बार-बार हो रहे आपराधिक हमलो के संबंध में एवं एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने को लेकर सिरोंज अधिवक्ता संघ ने एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार संजय चौरसिया को सौपा।

इस अवसर पर ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि मध्य प्रदेश के अधिवक्ताओं के ऊपर बार-बार अपराधिक हमले हो रहे हैं अभिभाषक संघ करेरा जिला शिवपुरी के अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की 14 फरवरी 2026 को अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। जिसकी घोर निंदा अभिभाषक संघ सिरोंज करता है इस घटना में मध्य प्रदेश के अधिवक्ता समुदायों में आक्रोश एवं रोष व्याप्त है।

मध्य प्रदेश के अधिवक्ता अपने आप को असुरक्षित एवं असहज महसूस कर रहे हैं जो अत्यंत चिंता एवं निंदनीय विषय है। मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद लंबे समय से अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए राज्य शासन से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग करती चली आ रही है। परंतु इस संबंध में अभी तक कोई भी प्रयास शासन द्वारा नहीं किया गया है। प्रदेश के अन्य स्थानों पर अधिवक्ताओं पर हो रहे लगातार हमलो के विरोध में एवं अधिवक्ताओं की सुरक्षा हेतु एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट अति शीघ्र लागू किया जाए। अभिभाषक संघ इस ज्ञापन के माध्यम से यह भी मांग करता है कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की प्रवृत्ति न हो इस हेतु समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाकर अधिवक्ता गण को सुरक्षा हेतु शीघ्र एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। करेरा अभिभाषक संघ के सदस्य संजय सक्सेना की हत्या अपराधियों द्वारा गोली मारकर की गई थी। इस संबंध में अभिभाषक संघ सिरोंज द्वारा न्यायालय कार्य नहीं किया गया। अधिवक्ताओं द्वारा न्यायालय कार्य न करने से दूर दराज से आए ग्रामीणों को निराश होकर लौटना पड़ा। वही ज्ञापन का वचन एडवोकेट घनश्याम त्यागी द्वारा किया गया। इस मौके पर अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष सचिन शर्मा,मीडिया प्रभारी अशोक शर्मा, अवध नारायण श्रीवास्तव,ओम प्रकाश शर्मा,काशीराम रघुवंशी,रामस्वरूप यादव,एडवोकेट महेश नेमा,अमित रघुवंशी,अंकित धाकड़,जाहिद खान,सुनील शर्मा,जोतेंद्र जोशी आदि लोग मौजूद थे।

## महिला सुरक्षा व कैंसर जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित

**विदिशा।** सेंट मैरी पीजी कॉलेज की एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वाधान में संस्था संचालक फादर सिंटो के मार्गदर्शन में महिला सुरक्षा एवं कैंसर विषय पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सिद्धार्थ गौतम एवं भूपेंद्र शर्मा रहे। प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र शंकर सचान ने ऐसे आयोजनों को महिलाओं में आत्म-सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने वाला बताते हुए अतिथियों का स्वागत किया। वक्ताओं ने प्लास्टिक उपयोग, नशा, पॉलिथीन व असुरक्षित पानी से कैंसर के बढ़ते खतरे तथा उससे बचाव के उपाय बताए। साथ ही छात्राओं को सुनसान स्थानों से बचने, सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा न करने, अनजान कॉल व साइबर अपराध से सतर्क रहने की सलाह दी गई। आत्म-रक्षा के सरल तरीके भी प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रो. दीपा राठौर तथा आभार प्रो. अरविंद द्विवेदी ने व्यक्त किया।

## परशुराम सेना पमारिया का पुनर्गठन, नई कार्यकारिणी घोषित

**विदिशा।** प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी शिवरात्रि के महापर्व पर परशुराम सेना पमारिया का तीसरी बार पुनर्गठन किया गया। संगठन की नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दोहराया गया। नई कार्यकारिणी में मनोज तिवारी को अध्यक्ष, सोनू चौधरी एवं विष्णु तिवारी को उपाध्यक्ष, नीरज दीक्षित को सचिव, प्रद्युम्न दीक्षित को कोषाध्यक्ष तथा आयुष शर्मा को सह सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मीडिया प्रभारी के रूप में अंशुल तिवारी, शिवकांत दीक्षित, सोनू शर्मा, विकास तिवारी और राजपाल तिवारी को दायित्व दिया गया। संरक्षक मंडल में सूर्यप्रकाश तिवारी, भंवर लाल तिवारी, ललित तिवारी, कमलेश तिवारी, सुधीर दीक्षित, प्रमोद तिवारी, द्वारका तिवारी और यश तिवारी शामिल हैं। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने सामाजिक एकता बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

## कोठा बैराज की समस्याओं को लेकर सीएम से मिले विधायक हरिसिंह सप्रे



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

बेतवा केन नदी कोठा बैराज परियोजना से जुड़ी किसानों की समस्याओं को लेकर कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने किसानों से किया गया अपना वादा निभाया।

पूर्व में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के निरीक्षण दौरे के दौरान मंत्री सिलावट और विधायक हरि सिंह सप्रे ने किसानों को आश्वासन दिया था कि वे उनकी समस्याओं को लेकर शीघ्र ही मुख्यमंत्री से भेंट कर समाधान कराएंगे। इसी क्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट एवं विधायक हरि सिंह सप्रे के नेतृत्व में ग्राम कोठा के 21 सदस्यीय किसान प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट कराई। इस दौरान किसानों ने कोठा बैराज डैम परियोजना के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और अपनी व्यावहारिक समस्याओं से अवगत कराया।

विधायक हरि सिंह सप्रे ने किसानों की ओर से डैम क्षेत्र में लगभग 10 फीट ऊंचा पुल बनाए जाने की मांग रखी, जिससे ग्रामीणों का वाहनों का आवागमन सुचारु रूप से हो सके। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को जल-समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है और जल संसाधन से जुड़ी परियोजनाओं का लाभ किसानों एवं आमजन तक पहुंचे, यह सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर कुरवाई विधानसभा स्थित कोठा बैराज परियोजना के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# शमशाबाद में अतिक्रमण का बढ़ा जाल, रोज़ लग रहा जाम, घंटों फंसे रहते हैं स्कूली बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

नगर की सड़कों पर इन दिनों व्यापारियों का अतिक्रमण आमजन के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। बस स्टैंड से लेकर पटोघाट और आज़ाद चौक तक दुकानदारों ने अपनी दुकानों का सामान सड़क पर सजाकर सड़क को ही गोदाम बना लिया है। किराने का सामान, नमक की बोरियां, पानी की टंकियां और यहां तक कि मोटरसाइकिलें भी सड़क पर खड़ी कर दी जाती हैं।

नतीजा यह कि मुख्य मार्ग रोज़ जाम की गिरफ्त में रहता है। सुबह-शाम वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं और स्कूली बच्चे करीब आधा घंटा तक चक्काजाम में फंसे रहते हैं। राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद, तहसील कर्मचारी और पुलिस प्रशासन कभी-कभी खानापूर्ति के तौर पर समझाइश देकर चले जाते हैं, लेकिन दो दिन बाद फिर वही हालात बन जाते हैं। कार्रवाई की सख्ती नहीं होने से दुकानदार बेखौफ होकर दोबारा अतिक्रमण कर लेते हैं।

आमजन ने मांग की है कि अतिक्रमण हटाने के लिए नियमित अभियान चलाया जाए और नियम तोड़ने वालों पर जुर्माना लगाया जाए, ताकि शमशाबाद की सड़कों पर फिर से सुचारु यातायात बहाल हो सके। अब देखना यह है कि प्रशासन कब जागेगा और नगर को जाम की समस्या से राहत दिलाएगा।

### अभियान चलाएंगे

नगर में अतिक्रमण की शिकायतें मिली हैं। जल्द ही नगर परिषद और पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाया जाएगा। पहले समझाइश दी जाएगी, इसके बाद भी नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना और सख्त कार्रवाई की जाएगी। यातायात व्यवस्था सुचारु रखना हमारी प्राथमिकता है। **अजय प्रताप सिंह ,** एसडीएम शमशाबाद

### खाली कराएंगे

समय-समय पर की जाती है, कुछ लोग दोबारा सड़क पर सामान रख लेते हैं। अब नियमित निगरानी की जाएगी। नगर परिषद की टीम शीघ्र ही विशेष अभियान चलाकर सड़क को पूरी तरह खाली कराएगी। **अनिल विदुआ,** सीएमओ नप

**189 मरीजों की जांच, 43 की आंखों मोतियाबिंद निकला: ग्यारसपुर।** नगर के शासकीय अस्पताल में स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. बालकृष्ण राव के नेतृत्व में नेत्र सहायक रजनीश भार्गव, अभिषेक सुमन, नीलम सिंह जादौन सहित आनंदपुर की टीम ने कुल 189 मरीजों की आंखों की जांच की। जांच के दौरान 43 मरीजों में मोतियाबिंद की समस्या चिन्हित की गई, जिन्हें आगे ऑपरेशन के लिए परामर्श दिया गया। इसके अतिरिक्त 49 मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं, 51 लोगों के चश्मे के नंबर निकाले गए तथा 46 मरीजों को मौके पर ही चश्मे उपलब्ध कराए गए। वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने ट्रस्ट के सेवा कार्यों की सराहना की।

# वर्ल्ड वे स्कूल गुलाबगंज के छात्र पृथ्वी जेईई मेंस में रहे सफल, परिवार सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ⏭ गुलाबगंज

विद्यालय के होनहार छात्र पृथ्वी कुरेले ने जेईई मेंस परीक्षा में 92 परसेंटाइल प्राप्त कर क्षेत्र और स्कूल का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने उनके पिता शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी पंकज कुरेले, माता खुशी कुरेले तथा छात्र पृथ्वी को शाल-श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर स्कूल की डायरेक्टर दानिशा आफरी ने छात्र की सफलता को विद्यालय परिवार, गुरुजनों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग का परिणाम बताया तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य अजय कुमार दास ने कहा कि शिक्षकों की मेहनत और पृथ्वी के जुनून से यह गौरवपूर्ण उपलब्धि संभव हुई है। समारोह में उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भी कुरेले परिवार को बधाई देते हुए आगे की परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ दीं।

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान नई दिल्ली का आयोजन

# स्वामी विवेकानंद विवि सागर में सप्त शक्ति संगम समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर





विगत वर्ष से संपूर्ण देष में चल रहे विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान नई दिल्ली द्वारा संचालित सप्तशक्ति संगम के कार्यक्रम का स्वामी विवेकानंद वि.वि. सागर मध्य प्रदेश में हुआ भव्य समापन। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जव लन एवं अतिथियों के आदर सत्कार के साथ हुआ। सरस्वती वन्दना-सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा. विद्यालय, मोतीनगर के द्वारा प्रस्तुत किया गया। वृत्त कथन सप्तशक्ति संगम, महाकोशल प्रान्त की सह प्रान्त प्रभारी मनीषा ठाकुर ने देते हुए कहा कि 5 अक्टूबर 2025 से 19 फरवरी 2026 तक संचालित कार्यक्रम 8 जिलो में हुए जिसमें 145931 मातृशक्तियाँ सम्मलित हुई। जिसे विस्तार से पी.पी.टी. के माध्यम से बताया। अध्यक्षीय उद्बोधन, भारतीय स्त्री शक्ति मध्य प्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रतिभा तिवारी ने कहा कि समाज उत्थान में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और बहुआयामी है। महिला परिवार, शिक्षा और संस्कार की प्रथम आधारशिला होती है, जिसके माध्यम से वह भावी पीढ़ी का निर्माण करती है। आज महिलाएँ केवल गृहस्थी तक सीमित न रहकर प्रशासन, विज्ञान, शिक्षा, उद्यमिता और सामाजिक सेवा में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी समाज को सशक्त और संतुलित बनाती है। तदपष्चात मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पी.टी.सी., की पुलिस अधीक्षक लवली सोनी ने कहा कि महिला परिवार और समाज की आधार शिला होती है। बच्चों को नैतिक मूल्य, संस्कार, अनुशासन और सामाजिक व्यवहार की पहली शिक्षा प्रायः माँ के माध्यम से ही मिलती है। महिला के संस्कारपूर्ण योगदान से परिवार सुदृढ़ होता है। वक्तव्य की अगली श्रृंखला में सप्तशक्ति संगम, महाकोशल प्रान्त संयोजिका अर्चना गुप्ता ने कहा कि कुटुंब प्रबोधन से पारिवारिक संबंध मजबूत होते हैं, संवाद और समन्वय बढ़ता है तथा बच्चों में संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रभाव का निर्माण होता है। सुदृढ़ और जागरूक कुटुंब ही एक स्वस्थ, समरस और प्रगतिशील समाज की आधारशिला होता है। अपनी वेशभूषा पर गर्व करना अपने सांस्कृतिक मूल्यों और आत्मसम्मान को सहेजने का प्रतीक है। इसमें आदिशक्ति गीत-सरस्वती शिशुमंदिरउ.मा. विद्यालय, लक्ष्मीपुरा द्वारा प्रस्तुत किया गया। अंजली दुबे ने कहा कि सफलता तब तक पूर्ण नहीं मानी जा सकती, जब तक उसमें संवेदन शीलता और मानवीय सरोकार न हों।

# साहित्यिक और सांस्कृतिक जगत ने स्व. कालूस्कर को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं धर्मप्रेमी समाज ने वरिष्ठ साहित्यकार एवं समाजसेवी लक्ष्मीकांत कालूस्कर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। डॉ. सुरेश गर्ग ने श्रद्धांजलि संदेश में कहा कि कालूस्करजी का जीवन सहज, सरल और सात्विक मूल्यों से परिपूर्ण रहा तथा उन्होंने निष्काम भाव से समाज, धर्म और संस्कृति की निरंतर सेवा की। उनके व्यक्तित्व में वर्णित कर्मयोग की भावना भगवद्गीता के उपदेशों को साकार रूप देती थी। सार्वजनिक पुस्तकालय एवं वाचनालय की गतिविधियों को सशक्त बनाने में उनका चार दशकों से अधिक का योगदान अविस्मरणीय रहेगा। साहित्यिक आयोजनों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामाजिक समरसता के प्रयासों में उनकी सक्रिय भूमिका ने उन्हें नगर के विशिष्ट मनीषियों में स्थापित किया। उनके सहयोगियों और साहित्यिक साथियों ने उन्हें गांधी सुमिरन मंच का सुदृढ़ स्तंभ बताते हुए कहा कि उनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी।

शोक व्यक्त करते हुए समाजजन ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उपस्थित जनों ने उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी दोहराया। ॐ शांति।

### वारदात के बाद आरोपी खुद भी फांसी के फंदे पर लटका, पुलिस कर रही बारीकी से जांच

# नौकरी से हटाने पर 'खुन्नस' खाए कर्मचारी ने दागी गोलियां, डिप्टी रेंजर व महिला गंभीर

**जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित सागर रोड पर अमरावद नर्सरी में गोलीकांड का सनसनीखेज मामला सामने आया है। नर्सरी में पदस्थ डिप्टी रेंजर पर पूर्व मजदूर ने देशी कट्टे से फायरिंग कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी ने एक पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।**





**पुलिस की प्रथम दृष्टया जांच में आया सामने - नौकरी से निकाले जाने से नाराज पूर्व मजदूर ने डिप्टी रेंजर व महिला पर चलाई गोली, घायल गंभीर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

ग्राम अमरावद के पास स्थित सामाजिक वानिकी (वन विभाग) की नर्सरी में मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे एक पूर्व कर्मचारी पूरन सिंह ने डिप्टी रेंजर राकेश शर्मा और एक महिला मजदूर सुमन बाई पर देशी कट्टे से फायर कर दिए। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, बाद में खुद भी फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पूरन सिंह लोधी निवासी ग्राम बनखेड़ी को कुछ समय पहले नौकरी से निकाल दिया था। वह दोबारा वन सुरक्षा समिति में मजदूर के रूप में रखने के लिए डिप्टी रेंजर राकेश शर्मा पर दबाव बना रहा था। मंगलवार को वह देशी कट्टा लेकर नर्सरी पहुंचा और डिप्टी रेंजर से विवाद करने लगा। गाली-गलौज के बीच उसने फायरिंग कर दी। एक गोली डिप्टी रेंजर की पीठ में लगी, जिससे वे बेसुध होकर बरामदे में गिर पड़े।

फायरिंग में नर्सरी की महिला मजदूर सुमन बाई को भी पेट में गोली लगी जो आरपार हो गई। वारदात के बाद आरोपी ने नर्सरी परिसर में ही पेड़ पर फांसी का फंदा बनाकर जान दे दी।

**घटना स्थल पर पहुंचे वरिष्ठ अधिकारी**

घटना की सूचना मिलते ही भोपाल से एसीएफ विजय कुमार सहित वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी रायसेन पहुंचे। डीएफओ प्रतिभा शुक्ला, एसडीओ सुधीर पटले, एएसपी कमलेश कुमार खरपुसे सहित अधिकारियों ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना।

**इनका कहना है**

हमने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया है। घायल अधिकारी एवं कर्मचारी को बेहतर उपचार की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। साथ ही कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर विभाग प्रतिबद्ध है।
- **विजय कुमार**, एसीएफ भोपाल।

**जांच में जुटी पुलिस**

प्रथम दृष्टयता में सामने आया है कि आरोपी नौकरी से निकालने से नाराज था और 2-3 साल से पुनर्नियुक्ति के लिए दबाव बना रहा था। मना करने पर उसने फायरिंग की। मामले की बारीकी से जांच की जा रही है।
- **कमलेश कुमार खरपुसे**, एएसपी।

**एम्बुलेंस के लिए करना पड़ा घंटों इंतजार**

घटना के बाद घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाने में भारी लापरवाही सामने आई। दोपहर डेढ़ बजे के आसपास घटना हुई, लेकिन करीब ढाई घंटे तक एम्बुलेंस मौके पर नहीं पहुंच सकी। वन विभाग के अधिकारी जिला अस्पताल प्रबंधन के जिम्मेदारों को लगातार मोबाईल फोन लगाते रहे, परंतु एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंची। शाम करीब सवा 4 बजे एम्बुलेंस घायलों को जिला अस्पताल पहुंची, तब जाकर दोनों गंभीर घायलों का प्राथमिक उपचार कर भोपाल रेफर किया गया।

### किसानों ने कलेक्टर को सौंपा आवेदन

## फार्मर आईडी नहीं बनने से किसान को आ रही परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जनपद पंचायत सांची की ग्राम पंचायत पठारी के ग्राम आमापानी और सूरई के सैकड़ों किसान फार्मर आईडी न बनने से परेशान हैं। फार्मर आईडी के अभाव में उनकी (पीएम किसान सम्मान निधि) की किस्तें अटक गई हैं। इससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। मंगलवार की दोपहर को किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा को आवेदन सौंपकर जल्द फार्मर आईडी बनाने की मांग की। किसानों का कहना है कि कई बार सीएससी केंद्र और ग्राम पंचायत सचिव से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन हर बार सिर्फ कोरा आश्वासन ही मिला।

परेशान किसानों में अकरम खान, बीरबल सिंह, धन सिंह, राजमल भील, पूरन कुशवाहा, प्रताप सिंह और शंभू, शीतल सहित अन्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वे वर्षों से खेती कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। बावजूद इसके उनकी फार्मर आईडी नहीं बनाई जा रही है, जिससे सम्मान निधि की राशि खाते में नहीं पहुंच पा रही। किसानों ने आरोप लगाया कि नरवर, बरावली और बड़ाखेड़ा के भील, आदिवासी और दलित किसानों की फार्मर आईडी बन चुकी है और उन्हें सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। ऐसे में आमापानी और सूरई के किसानों के साथ आखिर ऐसा भेदभाव क्यों किया जा रहा है?

किसानों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर शीघ्र आईडी निर्माण कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि खेती ही उनका मुख्य आजीविका स्रोत है। बीज, खाद और सिंचाई के बढ़ते खर्च के बीच सम्मान निधि की राशि सहारा बनती है। यदि समय पर सहायता नहीं मिली तो रबी फसल की तैयारी प्रभावित हो सकती है।

किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## आरएसएस की जन गोष्ठी हुई आयोजित

**संघ शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हुआ आयोजन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को संघ द्वारा सांची के जनपद कार्यालय में प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जन गोष्ठी में प्रमुख खंड के संचालक अजय तोमर तथा भोपाल से पथ सेवा संचालक विक्रम सिंह प्रमुख वक्ता रहे। उन्होंने अपनी बात को रखते हुए उन्होंने 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में संघ के सेवकों को बधाई दी और हिंदू एकता को किस तरह से बढ़ावा मिल सके की बात कही। उन्होंने सामाजिक समरसता और संस्कृति पर भी विचार व्यक्त किए।

वहीं इस आयोजन में महिलाओं सहित ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों सहित सैकड़ो की संख्या में स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

**पैदल चलना जोखिम भरा, अतिक्रमण होने से सकरी हुई सड़कें**

## लाखों की लागत से बना 'फुटपाथ' चढ़ा अतिक्रमणकारियों की भेंट, सजी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



नगर में अतिक्रमण के बदनुमा दाग स्थान-स्थान पर गंदगी बनी रहने का कारण बने हुए है। 7-8 वर्षो पूर्व नगर परिषद द्वारा लाखों रुपए की राशि से बालक हा.से. स्कूल की ओर फुटपाथ का निर्माण कराने के साथ लाइटें भी लगाई गई थी। पिछले वर्ष शासकीय स्कूल के सामने अतिक्रमण हटाया भी गया, परन्तु अब फुटपाथ चौपाटी बन गया है। जहाँ विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्री की दर्जनों दुकानों के सामने भीड़ और फैंकी गई सामग्री की गंदगी बनी रहती है। नप द्वारा सडक़ चौड़ीकरण पर लगभग 2 करोड़ की राशि खर्च किए जाने के बाद भी नगर के किनारों पर अतिक्रमण, वाहनों को खड़ा करने की समस्या से मुक्ति नहीं मिल पाने से सडक़ों पर जोखिम भरी स्थिति में बुजुर्गों, बच्चों, स्कूली छात्र-छात्राओं, महिलाओं को पैदल चलना मजबूरी बना हआ है।

**नगर में चारों ओर अतिक्रमण**

नगर के सभी प्रमुख मार्गों, छोटा बाजार रोड, बड़ा बाजार, सब्जी मंडी, टाकीज रोड, कन्याशाला रोड, किनगी रोड, बस स्टेंड, पावर हाउस रोड, पिपरिया रोड के साथ नगर के बीचों-बीच से निकली पुरानी एनएच 12 मुख्य सड़क के दोनों किनारों, नालियों, तिराहों, चौराहों पर अतिक्रमण की भरमार से दिन में चौड़ी सड़कें, गलियों में तब्दील होने के साथ हमेशा जाम लगने की स्थिति बनती है।

मुख्य सड़क किनारे अधिकांश बैंकों के पास पार्किंग स्थल न होने से ग्राहकों के वाहन सड़क किनारे खड़े रहने से जाम लगने और घटना-दुर्घटना का कारण बनते है। प्रमुख सार्वजनिक स्थानों, फुटपाथ और बालक हासे पिपरिया मार्ग से तत्काल अतिक्रमण हटाने की मांग लोगों द्वारा की जा रही है। जिससे आवागमन पैदल चलना सुरक्षित हो सके।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने लोगों की समस्याएं सुनकर किया निराकरण

**रायसेन।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा द्वारा आमजन की समस्याओं की सुनवाई कर उनका निराकरण किया। कलेक्टर ने जनसुनवाई में आए आवेदकों से उनकी समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक चर्चा करते हुए निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्रवाई कर निराकरण के लिए निर्देशित किया। साथ ही अन्य तहसीलों से आए आवेदकों की समस्याओं के निराकरण के लिए भी निर्देशित किया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर मनोज कुमार उपाध्याय, सहायक कलेक्टर कुलदीप पटेल, डिप्टी कलेक्टर एवं अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित अन्य अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंस से उपस्थित रहे।

### बाघ चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत

## कायमपुर में बाघ का विचरण सुबह खेतों में मिले पग चिह्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज।



सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम कायमपुर में रविवार देर रात बाघ के विचरण की सूचना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। सोमवार सुबह खेतों की ओर गए किसानों ने बाघ के पगचिह्न देखे, जिसके बाद ग्रामीणों व किसानों में दहशत फैल गई।

ग्रामीणों का कहना है कि बाघ संभवतः रात के समय खेतों और आसपास के वन क्षेत्र में घूमता रहा। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी से पशुधन और लोगों की सुरक्षा पर खतरा बना हुआ है। 2 दिन पहले भी बालमपुर घाटी पर बाघ द्वारा शिकार का मामला सामने आया था। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से बाघ और तेंदुए का मूवमेंट देखा जा रहा है। दोनों ही वन्य जीवों द्वारा पालतू पशुओं का शिकार किए जाने की घटनाएं बढ़ने से ग्रामीणों में भय का वातावरण बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि बाघ और तेंदुए को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर रेस्क्यू किया जाएं।

## भागवत कथा के पांचवें दिन श्री कृष्ण बाल लीलाओं का हुआ भावपूर्ण वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर



गल्ला मंडी ग्राउंड में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। राष्ट्रीय कथा व्यास पंडित देवेन्द्र भार्गव महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए भक्तों को भक्ति, प्रेम और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

महाराज श्री ने माखन चोरी लीला का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि बालकृष्ण की यह लीला केवल बाल सुलभ चंचलता नहीं, बल्कि जीव और परमात्मा के मधुर संबंध का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जैसे गोपियों का मन माखन की तरह निर्मल था, वैसे ही शुद्ध हृदय में ही भगवान का वास होता है। इसके बाद गिरिराज (गोवर्धन) प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान ने इंद्र के अहंकार का नाश कर प्रकृति पूजन का संदेश दिया और भक्तों की रक्षा की।

पूतना वध प्रसंग में उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने दुष्टता का अंत कर संसार को यह संदेश दिया कि ईश्वर की शरण में आने वाले को अंततः मोक्ष की प्राप्ति होती है।

वहीं नंद उत्सव की कथा सुनाकर उन्होंने जन्मोत्सव की आनंदमयी झांकी का चित्रण किया, जिससे पंडाल जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा।

### किसान की एक की मोटर की जब्त

## बकाया बिजली बिल जमा न करने पर की कुर्की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

जिले के सांची विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम मेढ़की, तिजालपुर एवं रतनपुर में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा एक लाख रुपये से अधिक बकाया बिजली बिल वाले कृषि पंप उपभोक्ता किसानों के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान एक किसान पर विद्युत कंपनी की टीम द्वारा कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान कुछ बकायादारों ने मौके पर ही अपनी बकाया राशि जमा करवा दी। वहीं शेष एक किसान जमना प्रसाद पिता हरिसिंह लोधी निवासी मेढ़की पर डेढ़ लाख रुपए बकाया राशि जमा न करने पर उनकी विद्युत मोटर निकालकर जब्त की गई।



**फोटो।** मोटर कुर्क करते हुए।

इस संबंध में विद्युत कंपनी के जूनियर इंजीनियर मनीष कुमार श्रीवास्तव ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि जिन उपभोक्ता किसानों पर एक लाख से अधिक का बिल बकाया है, वे समाधान योजना का लाभ लेंकर कुर्की जैसी कार्रवाई से बच सकते हैं।

# प्रतिदिन तीखी हो रही सूरज की किरणें, गर्मी का मौसम भी शुरु

### विलम्ब से हुई बोवनी वाली गेहूं फसलों पर गर्मी का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



अभी होली नहीं आई है, परन्तु नर्मदा क्षेत्र में सूरज की किरणों के तीखे हो रहे तेवरों और तापमान बढ़ने से शीतकाल समाप्त और गर्मी की शुरुआत हो गई है। सूरज की किरणों में आई तेजी से अब बिना पंखा, कूलर रहना कठिन होने लगा है।

सामान्यतः ऐसी गर्मी का मौसम होलिका दहन के बाद शुरु होता था। इस वर्ष रिकार्ड तोड़ बारिश हुई, वहीं शीतकाल भी लंबा रहा और सर्दी से लोग कांपते रहे। लेकिन फरवरी मध्य से ही मौसम बदलने के साथ सूरज की किरणों में भारी तेजी आ जाने से लगता है, कि इस बार गर्मी भी अपने पूरे सवाब पर रह कर नर्मदा क्षेत्र के निवासियों किसानों को तपिस से परेशान करती रहेगी।

**गेंहू फसलों पर असर-**

क्षेत्र में व्यापक स्तर पर धान की खेती होने से इस बार कुछ अधिक विलम्ब से गेंहू की बोवनी हुई। पिछली बोवनी वाली गेंहू की फसलों को जोरदार ठण्ड का बड़ा सहारा और राहत बनी रही परन्तु पिछले 2-3 दिनों से जिस प्रकार ठण्ड कमजोर और गर्मी की शुरुआत हुई है। उससे पिछले गेंहू की फसलों में निकलने वाली छोटी बालियों के कारण गेंहू का उत्पादन कम हो सकता है। इसी की चिंता किसानों में बनी नजर आ रही है।

### सिलवानी नगर को मिली रोशनी की ऐतिहासिक सौगात

# डेढ़ करोड़ से लगेगी 210 हाई मास्क स्ट्रीट लाइटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



नगर के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पूर्व विधायक रामपाल सिंह ने मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना के अंतर्गत नगर परिषद क्षेत्र में 210 हाई मास्क स्ट्रीट लाइट स्थापना कार्य का विधिवत भूमिपूजन वार्ड 15 में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में किया। लगभग 1.50 करोड़ रुपए की लागत से यह परियोजना नगर के चारों प्रमुख प्रवेश मार्ग-उदयपुरा रोड, बरेली रोड, सागर रोड और भोपाल रोड पर क्रियान्वित की जाएगी।

परियोजना के पूर्ण होने के बाद नगर की रात्रिकालीन तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी। लंबे समय से अपर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के कारण इन मार्गों पर आवागमन में असुविधा होती थी। नई हाई मास्क लाइटें न केवल सड़कों को रोशन करेंगी, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा में भी अहम भूमिका निभाएंगी। बेहतर रोशनी से दुर्घटनाओं में कमी आएगी, असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगेगा और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को भी लाभ मिलेगा।

रामपाल सिंह ने कहा सिलवानी मेरा परिवार है और इस परिवार के प्रत्येक सदस्य की सुविधा और सुरक्षा मेरी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना से हम नगर को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर रहे हैं। यह 1.50 करोड़ की हाई मास्क लाइट परियोजना केवल रोशनी का काम नहीं करेगी, बल्कि विकास की नई दिशा तय करेगी। आने वाले समय में और भी जनहितकारी कार्यों को गति दी जाएगी।

नगर परिषद अध्यक्ष रेशु विभोर नायक ने संबोधन में कहा नगर परिषद का उद्देश्य है कि सिलवानी को स्वच्छ, सुरक्षित और आधुनिक नगर बनाया जाए। स्ट्रीट लाइट परियोजना से नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। हम विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं।

उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों और नागरिकों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि नगर परिषद आगे भी जनसुविधाओं के विस्तार हेतु निरंतर कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम के अंत में नप अध्यक्ष ने नगर को मिली इस बड़ी सौगात के लिए पूर्व विधायक रामपाल सिंह एवं भाजपा सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में नप अध्यक्ष प्रतिनिधि भाजपा नेता विभोर नायक, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, गिरजेश चौरसिया, सुरेश यादव, सलीम काजी, संदीप शर्मा, संजू बनारसी, पुनीत समैया, पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू भाई, राजेश कुशवाहा, पार्षद लखन मेहरा, बाबू ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।